Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी                    विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - वचन बदलो                    शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

सुप्रभात बच्चो!

यह पाठ कक्षा - तीसरी, विषय - हिन्दी व्याकरण से लिया गया है। हमारा आज का उपविषय है - 'वचन बदलो'।

बच्चो! आज हम 'वचन बदलो' यानि कि Change the Number) के बारे में पढ़ेंगे। आप पिछले सत्र में भी इस विषय के बारे में पढ़ चुके हो इसलिए आप इस विषय के बारे में पहले से ही काफी-कुछ जानते हो। आज हम कुछ और 'वचन बदलो' करेंगे। आइए, कुछ उदाहरणों द्वारा समझने का प्रयास करते हैं।

गेंद - गेंदें
बेटा - बेटे
कपड़ा - कपड़े
माला - मालाएँ

ऊपर दिए गए शब्दों को पढ़ने से पता चल रहा है कि गेंद, बेटा, कपड़ा, माला संख्या में एक हैं जबकि गेंदें, बेटे, कपड़े, मालाएँ संख्या में अनेक हैं अर्थात् एक से अधिक हैं।

परिभाषा → शब्द के जिस रूप से एक या एक से अधिक होने की जानकारी मिलती है, उसे वचन कहते हैं।

कक्षा - तीसरी　　　　　　　　विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय :- 'वचन बदलो'

**वचन के प्रकार / भेद** -: वचन के दो भेद होते हैं

वचन (Number)

- एकवचन (Singular Number)
- बहुवचन (Plural Number)

1. **एकवचन** — शब्द के जिस रूप से प्राणी या वस्तु के एक होने की जानकारी मिले, उसे एकवचन कहते हैं। जैसे - पतंग, पौधा, गाड़ी आदि।

2. **बहुवचन** — शब्द के जिस रूप से प्राणी या वस्तु के एक से अधिक होने की जानकारी मिले, उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे - पतंगें, पौधे, गाड़ियाँ आदि।

चलिए, अब पाँच मिनट की ब्रेक लेते हैं। ब्रेक लेने से पहले मैं आप से कुछ प्रश्न पूछने जा रही हूँ जिनके उत्तर आप ब्रेक के बीच में अपनी नोटबुक में लिखोगे।

प्र०1. शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का पता चले, उसे क्या कहते हैं?

प्र०2. शब्द के जिस रूप से प्राणी या वस्तु के एक से अधिक होने की जानकारी मिले, उसे क्या कहते हैं।

कक्षा - तीसरी

विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - वचन बदलो

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

बच्चो ! अब आगे बढ़ने से पहले मैं आपको ऊपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बता देती हूँ।

उ० 1. शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का पता चले, उसे वचन कहते हैं।

उ० 2. शब्द के जिस रूप से प्राणी या वस्तु के एक से अधिक होने की जानकारी मिले, उसे बहुवचन कहते हैं।

आइए, कुछ और एकवचन और बहुवचन शब्द जानें।

| | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| 1) | गमला | गमले |
| 2) | पौधा | पौधे |
| 3) | कपड़ा | कपड़े |
| 4) | लड़का | लड़के |
| 5) | आँख | आँखें |
| 6) | पुस्तक | पुस्तकें |

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - वचन बदलो

| एकवचन | बहुवचन |
| --- | --- |
| 7) झील | झीलें |
| 8) कलम | कलमें |
| 9) माला | मालाएँ |
| 10) माता | माताएँ |
| 11) रोटी | रोटियाँ |
| 12) कुरसी | कुरसियाँ |
| 13) सेना | सेनाएँ |
| 14) मिठाई | मिठाइयाँ |
| 15) थाली | थालियाँ |

सहकार्य → सभी विद्यार्थी ऊपर लिखे गए एकवचन तथा बहुवचन शब्दों को अपनी हिन्दी व्याकरण की नोटबुक में लिखेंगे तथा इस कार्य को दो-तीन बार ध्यान से पढ़ेंगे।

(Last Page)